हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 25 सितंबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 स्वच्छता के लिए अधिकारी-कर्मचारियों के साथ जुटे ...

11 नगर को साफ रखने की जिम्मेदारी हम सबकी...




# हर काम के लिए 12 किमी जाना मजबूरी, फुलझर को पंचायत बनाने की मांग उठी

## ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात कर बताई समस्या, दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पंचायत सलौनी से उसका आश्रित ग्राम फुलझर 12 किलोमीटर दूर है। ग्रामीणों को ग्राम पंचायत कार्यालय जाने या सरपंच, सचिव से मुलाकात कर हस्ताक्षर कराने या समस्या बताने के लिए 12 किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ रहा है। समस्या से जूझ रहे ग्राम फुलझर के ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टर को आवेदन सौंपकर फुलझर को ग्राम पंचायत सलौनी से अलग कर स्वतंत्र ग्राम पंचायत का दर्जा देने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भी मुलाकात कर गांव के इस समस्या से उन्हें अवगत कराया गया था। ग्रामीणों ने कहा कि आश्रित ग्राम होने के कारण ग्राम में विकास कार्य नहीं पहुंच पा रहे हैं। ग्रामीणों ने आवेदन में बताया है कि जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम पंचायत सलौनी के आश्रित ग्राम फुलझर की जनसंख्या एक हजार से अधिक है। ग्राम पंचायत में कुछ भी काम पड़ने पर 12 किमी की दूरी तय करना पड़ता है। वहीं, कई बार सरपंच व सचिव से मुलाकात नहीं होने पर भटकना पड़ता है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य होते हैं, वह ग्राम फुलझर तक नहीं पहुंच पाता, यानिकि ग्राम फुलझर आश्रित ग्राम होने के कारण विकास कार्य अवरुद्ध हो गया है। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने वालों में गांव के गिरधारी ठाकुर, चुनुलाल, प्रहलाद साहू, चेतनलाल, टिकाराम, हेमन्त साहू, माखन यादव, मुरलीधर साहू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।



### सोरली के लोगों ने मांगी स्वतंत्र पंचायत

बालोद। जिले के डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम पंचायत सोरली के करीब 300 ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन कर ग्राम पंचायत सोरली को स्वतंत्र पंचायत का दर्जा देने की मांग की। ग्रामीणों ने सोरली ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले आश्रित ग्राम खैरीडीह को हटाने की मांग की ताकि ग्राम पंचायत सोरली को स्वतंत्र पंचायत बना सके। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम सोरली की जनसंख्या दो हजार से अधिक है, जबकि गांव में 15 वार्ड है इस लिहाज से गांव को स्वतंत्र पंचायत का दर्जा मिलना चाहिए।



## धमतरी-कांकेर मुख्य मार्ग 30 पर ग्राम जगतरा में पुलिस ने पकड़ा 7 लाख 40 हजार का गांजा

# कार की छत को मॉडीफाई करवाकर ले जा रहे थे गांजा, फिर भी फंसे दो तस्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- पुरूर पुलिस ने चेकपोस्ट लगाकर बिहार के दो तस्करों को दबोचा
- ओडिशा से बिहार ले जा रहे थे 74 किलो गांजा

पुलिस की लगातार धरपकड़ के बाद भी नेशनल हाइवे 30 में गांजा की तस्करी रुक नहीं रही है। तस्कर नए-नए तरीके अपनाकर गांजा की तस्करी कर रहे हैं। पुलिस विभाग गांजा तस्करी के तह तक जाने के स्थान पर कार्रवाई करने तक ही सीमित है।

एक बार फिर धमतरी कांकेर मुख्य मार्ग 30 पर स्थित ग्राम जगतरा में बोलेरो कार से गांजा की अवैध तस्करी करते दो तस्करों को पुलिस ने 74 किलो गांजा के साथ पकड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुर तहसील के अंतिम छोर पर बसे ग्राम जगतरा में पुलिस ने कार्रवाई कर 7 लाख 40 हजार की 74 किलो गांजा के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपी बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो पुलिस को चकमा देने बोलेरो कार की छत को मॉडिफाई करवा कर ओडिशा के मलकानगिरी से गांजा छुपाकर बिहार ले जा रहे थे। पूछताछ में पता चला कि आरोपी दूसरी बार गांजा ले जा रहे थे। इसी बीच पुलिस को गांजा तस्करी की सूचना मिली, जिसके आधार पर पुलिस ने नेशनल हाईवे 30 धमतरी कांकेर मुख्य मार्ग ग्राम जगतरा के पास चेक पोस्ट लगा कार सहित दो आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों में दिलीप कुमार यादव उम्र 24 वर्ष एवं सिड्डू खान 30 वर्षीय जिला बक्सर बिहार का रहने वाला है।





### इस साल अब तक 5 क्विंटल गांजा जब्त, 10 गिरफ्तार

पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जनवरी से अब तक पुरुर पुलिस ने नेशनल हाईवे 30 पर गांजा तस्करी से जुड़े 7 अलग-अलग प्रकरणों में कुल दस लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपियों के पास से लगभग पांच क्विंटल गांजा जब्त किया गया है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 50 लाख रूपये आँकी गई है।

# खलारी में धान खरीदी उपकेन्द्र खोलने की मांग कलेक्टर से मिले ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के डौण्डी विकासखंड के ग्राम खलारी के ग्रामीणों ने गांव में धान खरीदी उपार्जन उपकेंद्र खोलने की मांग की है।

मांग को लेकर उन्होंने कलेक्टर को आवेदन सौंपा है। ग्राम खलारी और अड़जाल के ग्रामीणों ने बताया कि धान खरीदी की शुरुआत होते ही किसानों को 5 किलोमीटर दूर ग्राम गुजरा में धान की बिक्री करने जाना पड़ता है। ऐसे समय पर कई बार धान ले जाने गाड़ी नहीं मिलती और न ही समय पर मजदूर मिलते हैं, इससे क्षेत्र के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि सेवा सहकारी समिति गुजरा पंजीयन क्रमांक 240 से अलग कर ग्राम खलारी में धान खरीदी उपकेन्द्र खोला जाए।

## करेंझर में कबड्डी प्रतियोगिता 28 को

**गुरूर।** विकासखण्ड के ग्राम करेंझर में जय राजाराव बाबा एवं ग्रामवासी के तत्वावधान में 28 सितंबर को एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समिति अध्यक्ष भगवान सिह कुंजाम ने बताया कि प्रथम पुरस्कार 8001 रुपये व ट्राफी, द्वितीय 5001 रुपये एवं तृतीय 3001 रुपये पुरस्कार रखा गया है।

# बोरतरा माइनर में दरारें, बर्बाद हो रहा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम बोरतरा के ग्रामीणों ने जन समस्या निवारण शिविर में ग्राम के नहर नाली की मरम्मत कराने के लिए आवेदन दिया है। ग्राम विकास समिति बोरतरा के ग्रामीणों ने बताया कि गंगरेल नहर से बोरतरा माईनर के माध्यम से ग्राम के खेतों में सिंचाई होती है, लेकिन बोरतरा माईनर की वर्षों से सफाई नहीं होने एवं देखरेख के अभाव में माईनर जर्जर हो गया है। माईनर की नालियों में जगह-जगह बड़े बड़े होल हो गए हैं, जिनसे पानी व्यर्थ बह जाता है, जिससे किसानों को पानी नहीं मिल पाता। ग्रामीण समिति अध्यक्ष शिवकुमार ने बताया कि इस माईनर के माध्यम से ग्राम के 150 एकड़ खेत में सिंचाई होती है। लेकिन, पूरा पानी नहीं मिलने से सिंचाई नहीं हो पा रही है, जिससे किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि कई बार जल संसाधन विभाग को इसकी मरम्मत करने कहा है, लेकिन नहर नाली जर्जर ही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ समय पूर्व इसकी मरम्मत के लिए राशि आने की बात बताई गई थी, लेकिन नाममात्र की मरम्मत कर नाली को जस का तस छोड़ दिया गया है।

## ग्राम नाहंदा में जनसमस्या निवारण शिविर आज

**बालोद।** जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम नाहंदा में 25 सितम्बर को प्रातः 10.30 बजे से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर इन्द्रजीत चन्द्रवाल ने जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को शामिल होने के निर्देश दिए हैं।

## बड़भूम में होगी क्रिकेट स्पर्धा 28 तक ले सकते हैं प्रवेश

**गुरूर।** ग्राम बड़भूम में विल्स स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रवेश की अंतिम तिथि 28 सितम्बर तथा प्रवेश शुल्क 1001 रुपये है। समिति अध्यक्ष रामाधार कुंजाम ने बताया कि प्रथम पुरस्कार 16001 रुपये, द्वितीय 8001, तृतीय 3001 रुपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपये रखा गया है।

## गंजपारा बालोद में श्रीमद् देवी भागवत कथा 3 से...



**बालोद।** श्री दुर्गा मंदिर समिति गंजपारा बालोद द्वारा 3 अक्टूबर से श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल महादेव भवन प्रांगण में तैयारी प्रारंभ हो गई है। मंदिर समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार कथावाचक रूचिता तिवारी प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक कथावाचन करेंगी। दुर्गा मंदिर प्रांगण में कथा की तैयारी की जा रही थी, लेकिन वहां तकनीकी कारणों से कार्यक्रम स्थल में परिवर्तन कर महादेव भवन में कथा कराने का निर्णय लिया गया और विभिन्न कार्यों की जिम्मेदारी तय की गई।

## कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को दिए तत्काल कार्रवाई के निर्देश

# सभी शासकीय भूमि से हटाए जाएंगे अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में स्थित सभी शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए समुचित उपाय करने को कहा है। इसके अंतर्गत उन्होंने राजस्व अधिकारियों को शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने हेतु तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं।

श्री चंद्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों, तहसीलदारों सहित राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने राजस्व अधिकारियों से अतिक्रमण हटाने के लिए की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। बैठक में चन्द्रवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी से दल्लीराजहरा शहर में डेंगू, मलेरिया के रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को दल्लीराजहरा सहित पूरे जिले में डेंगू एवं मलेरिया आदि के बीमारियों की रोकथाम के लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इसके अंतर्गत उन्होंने जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सभी नगरीय निकायों में साफ–सफाई आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी गुण्डरदेही से नगर पंचायत गुण्डरदेही में चल रहे अमृत मिशन के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने ने इस कार्य को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने मुख्यमंत्री जनदर्शन में बालोद ▶▶| शेष पेज 11 पर



### निर्धारित समयावधि में करें राजस्व प्रकरणों का निराकरण

बैठक में चन्द्रवाल ने राजस्व प्रकरणों की स्थिति की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जिले में समय सीमा से बाहर कोई भी राजस्व प्रकरण लंबित नही होनी चाहिए। बैठक में चन्द्रवाल ने जिले में लोकार्पण एवं भूमिपूजन के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन करने के पूर्व इसकी जानकारी संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन को अनिवार्य रूप से देने के निर्देश दिए।

## मोहंदीपाठ में शराब भट्ठी खोलने की तैयारी, जांच में पहुंची आबकारी की टीम



**बालोद/निकुम।** विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम मोंहदीपाठ पूर्व में शराब भट्ठी बंद होने के बाद शराब की अवैध बिक्री बढ़ गई है। इससे परेशान ग्रामीणों ने आबकारी विभाग से शराब भट्ठी खोलने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि इस गांव में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एटीएम, अन्य बैंक, स्कूल, सेजस स्कूल, ग्राम पंचायत सहित कई सुविधाएं हैं, लेकिन शराब भट्ठी 8 किमी दूर डुडिया अर्जुन्दा में है। वहीं समीपस्थ ▶▶| शेष पेज 11 पर

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### जनमुक्ति मोर्चा का फ्लैग मार्च 27 को

**बालोद।** जनमुक्ति मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा कामरेड शंकर गुहा नियोगी को क्रांतिकारी लाल सलाम शहादत दिवस 28 सितंबर के अवसर पर दल्लीराजहरा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिले भर से मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम में 18 से 28 सितंबर तक नियोगी की जन्मदिन पर डौण्डीलोहारा क्षेत्र में पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। 27 सितंबर को दोपहर 2 बजे किसान मजदूर की एकता के प्रतीक लाल हरा झण्डा के सम्मान में फ्लैग मार्च का आयोजन किया जाएगा। 28 सितंबर को दोपहर 1 बजे देशभर के आदिवासी समाज की सांस्कृतिक परंपराओं, उनकी अस्मिता एवं सार्वजनिक संपत्तियों पर सैन्य बलों द्वारा किये जा रहे हमलों के विरोध में जन प्रतिरोध रैली व आमसभा का आयोजन किया जाएगा।

### ओबीसी महासभा की रैली 27 को

**बालोद।** ओबीसी समाज द्वारा लंबित राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी के पृथक से कोड नंबर निर्धारित कर जनगणना किए जाने, 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण छत्तीसगढ़ में लागू किए जाने एवं अन्य क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर 27 सितंबर को ओबीसी महासभा द्वारा रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन दिया जाएगा। ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ एवं जिला इकाई बालोद जिला अध्यक्ष ओबीसी महासभा महिला मोर्चा बालोद भगवती सोनकर, अध्यक्ष ओबीसी महासभा गुरूर ब्लॉक ओमप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष ओबीसी महासभा राजेश साहू, संरक्षक संपत कलिहारी, एकनाथ सिन्हा, भुवन सिन्हा उपस्थित रहेंगे।

### तार्री में रामधुनी प्रतियोगिता व रक्तदान शिविर 28 व 27 को

**गुरूर।** नव सृजन युवा संगठन एवं समस्त ग्रामवासी तार्री के तत्वावधान में 26 एवं 27 सितम्बर को दो दिवसीय संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। रामधुनी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3100 रुपये, द्वितीय 2100 रुपये, तृतीय 1100 रुपये का पुरस्कार रखा गया है। समिति के संरक्षक गुरुचरण निषाद ने बताया कि 27 सितम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन सुबह 9 से शाम 4 बजे तक होगा। अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू ने बताया कि 26 सितम्बर को दोपहर 12 बजे प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर सांसद भोजराज नाग होंगे, अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू करेंगे।

### हीरापुर में रामधुनी सम्मेलन कल से

**बालोद।** ग्राम हीरापुर में मातृ नवमी के अवसर पर 26 से 27 सितंबर तक दो दिवसीय भव्य संगीतमय रामधुनी सम्मेलन का आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया है। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच हीरापुर कुलेश्वरी ठाकुर होंगी, अध्यक्षता शंभूराम साहू करेंगे।

### रमतरा में रामधुनी प्रतियोगिता आज से

**गुरूर।** ग्राम रमतरा में समर्पण युवा दल एवं ग्रामवासियों द्वारा 25, 26 एवं 27 सितम्बर को तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। केदार कुरपाल ने बताया कि प्रथम पुरस्कार 3001 रुपये, द्वितीय 2501 रुपये, तृतीय 2001 रुपये, चतुर्थ 1501 रुपये एवं 1001 रुपये पुरस्कार रखा गया है।
समिति अध्यक्ष ताम्रध्वज हिरवानी ने बताया कि प्रतियोगिता में 13 मंडलियां हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता का उद्घाटन 25 सितंबर को दोपहर 12 बजे होगा। मुख्यअतिथि विधायक संगीता सिन्हा होंगी, अध्यक्षता सिंचाई विभाग गुरुर अश्वनी साहू करेंगे।

## खबर संक्षेप



### आपराधिक घटनाओं के मृतकों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं के चलते 9 महीने के भाजपा सरकार में राजधानी रायपुर में सैकड़ो हत्याएं हुई है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आंबेडकर चौक मे मोमबत्तियां जलाकर इन मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, भाजपा सराकर की नाकाम कानून व्यवस्था से आए दिन आपराधिक घटनाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य के राजधानी रायपुर या अन्य जिले मे महिलाएं सुरक्षित नही है, यहां डर का ऐसा माहोल पहले कभी नहीं देखा गया। इस अवसर पर छाया वर्मा, श्रीकुमार मेनन, राजू सोनी, जी श्रीनिवास, बंशी कन्नौजे, कमलेश नाथवानी, पुष्पराज बेद, ममता राय, प्रवीण चंद्राकर, मुन्ना मिश्रा, जय नारायण जलक्षत्री, अनिल रायचुरा, मोहसिन खान, बानो आमिर खान, गोपाल सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा प्रदेश स्तरीय कंट्रोलरूम प्रभारी होंगे रिजवी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के छह दिवसीय छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के लिए कांग्रेस मुख्यालय में राज्य स्तरीय कंट्रोलरूम का गठन किया गया है। कंट्रोलरूम प्रभारी सलाम रिजवी को बनाया गया है। साथ ही उनके साथ 15 सदस्यीय टीम होगी, इसमें सोमेन चटर्जी, पूजा देवांगन, चंद्रवती साहम, पल्ल्वी सिंह, लक्ष्मी देवांगन, प्रेमलता बंजारे, आशोक चतुर्वेदी, साक्षी सिरमौर, प्रेरणा साहू, गीता सिंह, कविता वर्मा, दिनेश निर्मलकर और अनिल मित्तल को नियुक्त किया गया है। न्याय यात्रा का सफल बनाने के लिए कंट्रोलरूम से स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाने का प्रयास होगा।

### लोहारीडीह मामले की मजिस्ट्रियल जांच शुरू, 4 तक दे सकते हैं साक्ष्य

**रायपुर।** कबीरधाम जिले के ग्राम लोहारीडीह में 15 सितंबर को शिवप्रसाद साहू की मृत्यु के बाद घटित आगजनी में रघुनाथ साहू की मृत्यु होने के कारण उक्त घटनाक्रम के संबंध में दंडाधिकारी जांच शुरू हो गई है। अतिरिक्त कलेक्टर निर्भय साहू को दंडाधिकारी जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इस जांच से संबंधित जानकारी रखने वाले व्यक्ति 24 सितंबर से 4 अक्टूबर सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कबीरधाम में उपस्थित होकर लिखित अथवा मौखिक साक्ष्य एवं अभिलेख प्रस्तुत कर सकते हैं। मामले में शासन द्वारा जांच की घोषणा के बाद दंडाधिकारी जांच की रिपोर्ट एक माह में देने का आदेश जारी हुआ है। घटना के संबंध में सभी बिंदुओं जानकारी ली जा रही है। मामले को लेकर ग्रामीणों से भी चर्चा करने के बाद रिपोर्ट तैयार होगी।

### विधायक से प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात, मिला आश्वासन



**रायपुर।** विधायक अनुज शर्मा ने साईंनगर जोरा के प्रतिनिधिमंडल को पंजाब केसरी भवन रोड से बालाजी कैंसर रिसर्च अस्पताल तक नई नाली निर्माण के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। साईंनगर का प्रतिनिधिमंडल विधायक के आवासीय कार्यालय पहुंचा था, जिसमें प्रमुख रूप से डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, संतोष शर्मा, सुरेश सोनी और छगनलाल साहू समेत कॉलोनी के नागरिक जोरा क्षेत्र की 2 प्रमुख समस्याओं को लेकर विधायक से मिले। जिस पर विधायक ने उन्हें आश्वासन दिया।

# समकालीन कविता के संबंध में साहित्यकारों ने रखे विचार, लगाई गई पोस्टर प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नावल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन के तत्वावधान में काव्योत्सव कार्यक्रम हिन्दी हैं हम वतन है, का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनटीसीएफ के शिक्षक साहित्यकारों का सम्मान समारोह एवं पोस्टर कविता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। साहित्यिक गोष्ठी समकालीन कविता आज के संदर्भ में पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा शिरोमणि माथुर ने कहा कि समकालीन कविता में मनुष्यता के प्रति सूक्ष्म संवेदना ही उसे विशिष्ट बनाती है। इन कविताओं में एक ओर जहां जीवन का पाठ, प्रेम, खुशी, अच्छाई का सौंदर्य है वहीं दूसरी ओर जीवन के अनुभव, छलाव, भटकाव, चोट के निशान भी सच्चाई का बयान करते हैं।

## नावल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन ने किया काव्योत्सव का आयोजन




### किया गया सम्मान

कार्यक्रम में सम्मानित शिक्षक साहित्यकारों में बालोद विखं से गायत्री साहू, सुनीता लहरे, गुंडरदेही से प्रतिभा त्रिपाठी, द्रोण कुमार सार्वा, डा बुशरा परवीन, डौंडी से शोभा बेंजामिन, अजीत शिवकुमार तिवारी, तामसिंग पारकर, शिल्पी राय, डौण्डी लोहारा से हर्षा देवांगन, गुरुर से बिंदियारानी गंगबेर को एनटीसीएफ शिक्षक सृजन साहित्य सम्मान स्मृति चिह प्रदान कर सम्मानित किया गया। धर्मेंद्र कुमार श्रवण, मोना रावत, सुमा मंडल, मंजू कोशरिया, सुधारानी शर्मा को प्रशस्तिपत्र सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर हस्ताक्षर समिति के साहित्यकार की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन डा बुशरा परवीन तथा आभार प्रदर्शन तामसिंग पारकर ने किया।

कार्यक्रम में एनटीसीएफ अध्यक्ष ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि समकालीन कविता यथार्थ के विराट दायरे में दाखिल होकर प्रकृति से कटती दुनिया और अपने ही जड़ों से कटे हुए लोगों का साक्षात्कार कराती है। हम खुद को मनुष्यता और सभ्यता के संकट के मुहाने पर खड़ा पाते हैं। पोस्टर कविता में कवियों की उत्कृष्ट रचना मुझे गर्व है शिक्षक होने में, मन के घाव, जिंदगी के अनोखे रंग, अचानक, सामना, अंधियारों के जीवन में उजियारा, वीरों की गाथा, सकल सृष्टि के गुरू, भारत के प्रतीक, मेरी माटी मेरा देश, ख्वाब है नमन उनको, प्रतिभा सुमन, मेरे शिक्षक का साथ, बूंद की आवाज को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि सरिता गौतम, अमित सिन्हा, घनश्याम पारकर, डा इकबाल, लतीफ खान, पीआर महिलांगे ने विचार व्यक्त किए।

## नगर में उपवास का लगाया अर्धशतक

# 54 दिन का उपवास पूर्ण कर चुकीं संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर में उपवास का अर्धशतक लग चुका है। नगर के जैन उपाश्रय प्रांगण में चातुर्मास हेतु विराजमान समरथगच्छाधिपति श्रीउत्तम मुनिजी मसा की सुशिष्या महासती अंजनाश्रीजी मसा,महासती सुधा श्रीजी मसा,शुभा श्रीजी मसा व विभा श्रीजी मसा के पावन प्रेरणा व दिव्य आशीर्वाद से नगर की सुश्राविका संगीता भंसाली ने मंगलवार को महासती अंजनाश्रीजी मसा के मुखारविंद से 54 उपवास के प्रत्याख्यान ग्रहण किए हैं।यह इनके द्वारा किया जाने वाला पांचवा मासक्षमण तप है व वर्तमान में यह तप गतिमान है जो उनके द्वारा किए गए सभी मासक्षमण तप में सर्वाधिक है। संगीता भन्साली यह तपस्या के क्रम कब पूर्ण विराम लेंगे यह किसी को नहीं पता है लेकिन उन्होंने अपने आत्मबल को काफी मजबूत बना लिया है। उनका कहना है कि जब तक शरीर में साता रहेगी तब तक यह तपस्या निरन्तर गतिमान रहेगी। इतने तपस्या के बाद भी उनका नित्य कार्य ज्यों की त्यों ही है। अलसुबह जल्दी उठना। घर के छोटे मोटे कार्य करना। महासती वृन्द के नियमित प्रवचन श्रवण करना।दोपहर में ज्ञान व स्वाध्याय की क्लास अटेंड करना व शाम को प्रतिक्रमण की आराधना सहित अन्य ज्ञान ध्यान महासती वृन्द के सानिध्य में चल रहा है। आत्मबल व चेहरे को देखकर यह नहीं लगता कि इनके इतने दीर्घ तपस्या अभी भी गतिमान है। उनके ग्यारह उपवास तक तो कुछ लोगों को छोड़कर नगर के लोगों को तो पता भी नहीं था। वे गुप्त तपस्या में लीन थीं। फिर महासती जी ने प्रवचन सभा में सबके सामने प्रगट किया था।





### राजू भन्साली के 23 के तप गतिमान हैं


दीर्घ तपस्या के क्रम में नगर के राजू भन्साली के सोमवार को 23 उपवास के प्रत्याख्यान हुए।इन्होंने ने भी पूर्व में मासक्षमण तप व अनेकों विभिन्न तपस्याएँ पूर्ण की है। बता दें कि लगातार एक महीने तक किए जाने वाले उपवास की तपस्या को जैन दर्शन में मासक्षमण तप कहा जाता है। इस दौरान सिर्फ गर्म जल का ही सेवन किया जाता है, वो भी सूर्योदय व सूर्यास्त के बीच में। इसके अलावा कुछ भी खाना पीना वर्जित रहता है। वर्तमान परिवेश में जहां दो चार घण्टे की भूख व्यक्ति सहन नहीं कर पाता है ऐसे में पचास से अधिक दिनों तक भूखे रहना निश्चित ही अद्भुत आत्मबल का परिणाम है।

### साध्वी वृन्द में महासती शुभाश्रीजी व विभाश्रीजी सांसारिक बहन हैं

साध्वी वृन्द में महासती अंजना श्रीजी व सुधा श्रीजी मसा नगर की बेटी महाराज है व सगी बहनें हैं जिन्होंने लगभग 39 व 30 वर्ष पूर्व संयम जीवन अंगीकार किया था। इस वर्ष दीक्षा के बाद नगर में इनका प्रथम चातुर्मास है। वहीं शेके काल में इनका आगमन पूर्व में हो चुका है। तीसरे व चौथे क्रम की महासती शुभा श्रीजी व विभा श्रीजी तपस्विनी बहन संगीता भन्साली की सांसारिक बहन हैं। इनका मायका भानुप्रतापपुर संबलपुर है।दीर्घ तपस्या करके संगीता ने महासती वृन्द को एक प्रकार से आध्यात्मिक भेंट प्रदान किया है। दीर्घ तपस्विनी संगीता भंसाली, मासक्षमण तप आराधिका संतोष भन्साली सहित विभिन्न तप आराधकों का सम्मान व बहुमान संघ समाज के द्वारा पूर्व में किया जा चुका है।

# लोकसभा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री मांडविया से मिले डॉ. रमन





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सोमवार को नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया से मुलाकात की। श्री सिंह ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष से 10वीं सीपीए इंडिया रीजन कांफ्रेंस पर मार्गदर्शन प्राप्त किया और अपने संबोधन के विषय सतत और समावेशी विकास में विधायिका की भूमिका पर इस महत्वपूर्ण कांफ्रेंस में चर्चा की। डॉ. रमन सिंह एक्स पोस्ट पर लिखा, खेल मंत्री से छत्तीसगढ़ के विकास और खिलाड़ियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक संवाद हुआ।

# ओबीसी समाज पर हमले बंद करें, दोषियों पर हो कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने प्रदेश में ओबीसी समाज के लोगों पर हो रहे टार्गेटेड हमले पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए संगठन विगत चार सालों से निरंतर कैडर कैम्प के माध्यम से ओबीसी समाज को उनके संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के लिए जागरूक कर रहा है, ताकि ओबीसी समाज को भी समान भागीदारी व सामाजिक सुरक्षा मिल सके, किंतु दुर्भाग्य ही है कि आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी ओबीसी समाज के लोगों पर निरंतर अन्याय, अत्याचारपूर्ण बर्ताव हो रहा है, जो न केवल घोर निंदनीय है, अपितु प्रदेश के सर्वांगीण विकास मे बाधक भी है। पुलिस हिरासत में बर्बर पिटाई से प्रशांत साहू की हुई मौत एवं प्रदेश में ओबीसी समाज पर हो रहे टार्गेटेड हमले के विरोध में समिति के तत्वावधान में प्रदेश के धमतरी, बालोद, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर समेत विभिन्न जिलों में ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर समिति के संस्थापक, अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने गृहमंत्री विजय शर्मा के विधानसभा क्षेत्र के लोहारीडीह कवर्धा में प्रशांत साहू की पुलिस हिरासत में हुई मौत पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की घटना स्वीकार्य नहीं है।



## बिल्डर एकेएस इंन्फॉटेक को 75.26 लाख रुपए जमा करने का आदेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने एकेएस स्मार्ट सिटी ग्राम पाहंदा जिला-दुर्ग के रहवासियों और आबंटितियों के पक्ष में ऐतिहासिक निर्णय करते हुए संप्रर्वतक बिल्डर एके एस. इंन्फॉटेक को अपने प्रोजेक्ट के प्रचार-प्रसार विक्रय के लिए तैयार किए गए ब्रोशर विवरण अनुसार स्वीमिंग पूल और क्लब हाउस नहीं बनाने के कारण रहवासियों के सोसाइटी के पक्ष में स्वीमिंग पूल की लागत 25 लाख 17 हजार 400 रुपए तथा क्लब हाउस की लागत 50 लाख 09 हजार कुल 75 लाख 26 हजार 400 रुपए 45 दिन के भीतर फिक्स डिपॉजिट करने का आदेश पारित किया गया है। अनिता देवी, स्वाति केसरी और शशिकांत भुआल सभी निवासी एकेएस स्मार्ट सिटी पाहंदा ने रेरा में मई 2024 में शिकायत प्रस्तुत की थी कि उनके द्वारा 2019 में प्लॉट क्रय किया गया था, जिसमें बिल्डर द्वारा मूलभूत सुविधा, जिसमें स्वीमिंग पूल और क्लब हाउस भी है, की सुविधा प्रदान करने का उल्लेख किया गया था। बिल्डर द्वारा प्रोजेक्ट में विकास कार्य करते हुए अनुविभागीय अधिकारी पाटन से 07.08.2020 को पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त किया, परन्तु उनके द्वारा अपने ब्रोशर अनुसार कॉलोनी में स्वीमिंग पूल और क्लब हाउस नहीं बनाया गया है।

# बैज बोले- सीबीआई की इंट्री सिर्फ कांग्रेस के लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सीबीआई की लिमिट तय होने पर सियासत शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने साय सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, सीबीआई की एंट्री पर राज्य और केंद्र सरकार के बीच तालमेल नहीं है। सीबीआई की एंट्री केवल कांग्रेस के लिए है। उन्होंने कहा, राज्य में हो रहे लेन-देन से बचने का यह रास्ता है। कांग्रेस सरकार में सीबीआई बैन पर भाजपा सवाल उठाती रही। भाजपा सरकार में सीबीआई की सीमा क्यों तय हुई, इसका जवाब दें।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में सीबीआई बैन था। भाजपा की सरकार आते ही इस बैन को हटा दिया गया। वहीं राज्य सरकार ने सीबीआई की लिमिट भी तय की है। भारतीय न्याय संहिता के प्रावधान



के तहत राज्य सरकार ने 9 सितंबर को अधिसूचना जारी की है, इसके मुताबिक अब सीबाआई राज्य सरकार के अधीन लोक सेवकों से संबंधित मामलों में लिखित अनुमति के बिना जांच नहीं कर सकेगी।

### राज्य सरकार जिन मामलों को सौंपेगी, उन पर जांच

राज्य सरकार ने सीबीआई के लिए ये शर्त रखी है कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा नियंत्रित लोकसेवकों से संबंधित मामलों में राज्य सरकार की पूर्व लिखित अनुमति के बिना ऐसा कोई जांच नहीं की जाएगी, जैसा कि केंद्र सरकार या केंद्रीय उपक्रमों के अफसर, कर्मियों संबंधित मामलों में करने की अनुमति है। अब राज्य सरकार जो मामले जांच के लिए सीबीआई को सौंपेगी, उन मामलों की ही जांच यह केंद्रीय संस्था कर पाएगी।

### आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा गुमराह कर रही

जातिगत आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा द्वारा कांग्रेस को आरक्षण विरोधी बताए जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा गुमराह कर रही है। भाजपा आरक्षण की हितैषी है, तो राजभवन में लंबित विधेयक पर ध्यान दे। छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही चाकूबाजी की घटना को लेकर बैज ने कहा, राज्य में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। सरकार का नियंत्रण नहीं दिख रहा। जनता में इस बात को लेकर आक्रोश है। सरकार अपराधियों को संरक्षण देने में लगी है।

## जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी तक थे आरक्षण के खिलाफ

# संगम लाल ने कहा- कांग्रेस हमेशा से ही आरक्षण विरोधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री, छत्तीसगढ़ प्रभारी और प्रतापगढ़ (उप्र) के पूर्व सांसद संगमलाल गुप्ता ने कहा, कांग्रेस हमेशा से ही आरक्षण विरोधी रही है। अभी हाल ही में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका की यात्रा के दौरान अपने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह कहा, जब भारत में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार केंद्र में बनेगी, तो हमारी (कांग्रेस की) सरकार आरक्षण को खत्म कर देगी।

श्री गुप्ता ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, देश की जनता के सामने भी यह तथ्य आना चाहिए कि जो आरक्षण की बात करते हैं, उनका असली राजनीतिक चरित्र क्या है और उनकी आरक्षण को लेकर सोच क्या है? राहुल गांधी ने अमेरिका जाकर जो केंद्र में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर आरक्षण खत्म करने की बात कही है, देश का ओबीसी समुदाय उसकी घोर निंदा करता है। श्री गुप्ता ने कांग्रेस के आरक्षण विरोधी इतिहास की विस्तार से चर्चा करते हुए बताया, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने 1990 में मंडल कमीशन की रिपोर्ट रद्द कर दी और लोकसभा में ओबीसी समुदाय को आरक्षण देने का विरोध किया। राजीव गांधी ने तब यह भी कहा कि आरक्षण के माध्यम से हमें बुद्धुओं को बढ़ावा नहीं देना चाहिए। लोकसभा में ऑन रिकॉर्ड यह कहकर राजीव गांधी ने ओबीसी समुदाय को अपमानित किया। श्री गुप्ता ने कहा, राजीव गांधी से पहले इंदिरा गांधी ने भी मंडल कमीशन की रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। नीरज चौधरी की किताब हाऊ प्रइम मिनिस्टर्स डिसाइड में यह लिखा हुआ है कि मंडल कमीशन की आरक्षण दिए जाने की रिपोर्ट को लेकर इंदिरा गांधी ने अपनी सरकार के कानून मंत्री शिवशंकर से कहा, ऐसा एटीआर तैयार कीजिए कि सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे।




### भाजपा के नाम से दुष्प्रचार कर रहे राहुल

श्री गुप्ता ने कहा, अभी हाल ही हुए लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी ने संविधान की दुहाई देते हुए यह दुष्प्रचार करके देश की भोली-भाली जनता को गुमराह किया कि भारतीय जनता पार्टी संविधान बदल देगी और आरक्षण खत्म कर देगी। चूंकि कांग्रेस का यह इतिहास रहा है कि ये आरक्षण विरोधी हैं और आरक्षण को खत्म करेंगे। आजादी के बाद से कांग्रेस ने देश पर राज किया और गरीबी हटाओ का नारा दिया लेकिन 2014 में जब देश में एक गरीब का बेटा देश का प्रधानमंत्री बना, तब सन 2018 में उस मंडल कमीशन की सिफारिशों के अनुरुप संवैधानिक तौर पर ओबीसी आरक्षण देने की क्रांतिकारी पहल

## जिले में तैयार की हार्ड और साफ्ट कापी में रिपोर्ट

# ओबीसी सर्वे की अंतरिम रिपोर्ट में सामाजिक आर्थिक स्थिति की होगी पूरी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर जिलों में ओबीसी सर्वे का काम पूरा नहीं हो पाया है। मैदानी अमले को अपनी रिपोर्ट बुधवार तक देनी है। सर्वेयरों को घर घर जाकर 54 बिंदुओं वाला फार्म भरवाना था, सर्वे के काम में एक लाख से अधिक आंगनबाड़ी सहायक, कार्यकर्ताओं और कुछ अन्य सरकारी कर्मियों को भी लगाया गया है।

निकाय चुनावों में आरक्षण तय करने के लिए सभी जिलों का डाटा तैयार करना था। सर्वे का काम मतदाता सूची पुनरीक्षण के साथ शुरू हुआ था। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वे अभी पूरा नहीं हो पाया है। बुधवार तक रिपोर्ट मांगे जाने पर हार्ड और साफ्ट कापी तैयार की जा रही हैं। बताया गया है कि आयोग को सौंपी जाने वाली रिपोर्ट में सामाजिक और आर्थिक स्थिति की जानकारी दी जाएगी। निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर कराए जा रहे सर्वे का काम आधा-अधूरा है। नवबंर-दिसंबर में निकायों का कार्यकाल समाप्त होने से पूर्व के संबंध में तैयारी पूरी करने की कवायद शुरू हो गई है। अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर ओबीसी की आरक्षण की स्थिति तय करने आंकडे जिलों के द्वारा दिए जाएंगे। बताया गया है कि पंचायत और नगरीय निकाय द्वारा कराए जा रहे सर्वे की रिपोर्ट एसडीएम के माध्यम से तैयार की जा रही है। जिलों में सर्वे की प्रगति को लेकर लगातार समीक्षा की जा रही है। आयोग को सौंपे जाने वाली रिपोर्ट में मतदाता सूची में ओबीसी वर्ग की संख्या के आधार पर उन जिलों के सामजिक और आर्थिक स्थिति का आकलन किया गया है।

### आरक्षण की स्थिति तय होगी

बताया जाता है कि निकाय चुनावों को लेकर पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की स्थिति तय करने यह सर्वे कराया जा रहा है। नगरीय निकाय चुनाव के लिए रायपुर नगर निगम का आरक्षण तय करने अन्य पिछड़ा वर्ग के सीटों का प्रतिशत तय होगा। जिलों द्वारा तैयार की जा रही रिपोर्ट के आधार पर आयोग अपनी अनुसंशा शासन को भेजेगा। आयोग को तीन माह का समय दिया गया था, पूरा सर्वे होने के लिए यह समय कम माना जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आयोग के कार्यकाल में वृद्धि की संभावना भी बनी हुई है।

# नेत्र शिविर में 120 मरीजों के स्वास्थ्य और आंखों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन ने आयोजित किया नेत्र जांच शिविर

ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जामा मस्जिद परिसर बालोद में आयोजित शिविर में 120 मरीजों के स्वास्थ्य और आंखों की जांच की गई। पूरे प्रदेश में खिदमत ए खल्क के तहत प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिराज के मार्गदर्शन में हर साल हुजुर पाक की आमद की खुशी में रक्तदान शिविर का आयोजन करते हुए आ रहे हैं। इस बार नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। जामा मस्जिद परिसर बालोद हुए इस शिविर में 28 मरीजों को मोतियाबिंद पाया गया। इनका निःशुल्क ऑपरेशन श्री बालाजी हास्पिटल मोवा रायपुर में किया जाएगा। नेत्र जांच में लगभग 60 मरीजों को चश्मा भी दिया गया। प्रदेश संरक्षक सैय्यद फैसल रिज़वी ने बताया हमारा यह आयोजन मानवता की सेवा के लिए था। सभी ने इस शिविर में शामिल होकर हमारी हौसला अफजाई की। शिविर में दुर्ग संभाग अध्यक्ष हाजी जाहिद अहमद, बालोद जिला संरक्षक हाजी सलीम तिगाला, इस्माइल खान, अरमान अंसारी, जिला सचिव रहीम मोहम्मद, जिला सह सचिव बशीर खान, हसनात सिद्दीक़ी और रायपुर बालाजी हास्पिटल की डाक्टरों की टीम का सहयोग मिला।





## खबर संक्षेप



### बोरतरा के मुक्तिधाम में समस्या

**गुरूर।** विकासखण्ड मुख्यालय से लगा ग्राम पंचायत बोरतरा आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है। ग्राम के मुक्तिधाम में शवदाह शेड बना हुआ है, लेकिन दाह संस्कार के दौरान उपस्थित लोगों के लिए धूप, बरसात से बचाव के लिए शेड नहीं है। यहां स्थित हैण्ड पंप से लगातार गंदा पानी निकल रहा है, जिससे ग्रामीण इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीणों को बारिश धूप के समय मृतक का अंतिम संस्कार करने के दौरान धूप बारिश में ही खड़े रहना पड़ता है, यहां पहले एक बड़ा पीपल सहित अन्य पेड़ थे, जो ग्रामीणों का आश्रय स्थल थे, लेकिन उन्हें भी विद्युत लाईन के दौरान काट दिया गया है। उसके बाद से परेशानी बढ़ गई है।

### गांधी जयंती पर बंद रहेंगी शराब दुकानें

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गांधी जंयती के अवसर पर 02 अक्टूबर को शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने इस तिथि को जिले के देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान बालोद एवं विदेशी मदिरा दुकान तथा मद्य भण्डागार बालोद तथा इससे लगे अहाता को पूर्णतः बंद रखने के निर्देश दिए हैं।

### ससुराल वालों ने डॉ. बहू के साथ की मारपीट

**भिलाई।** ससुराल के लोगों ने डॉ बहू के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,296, 3(5), 351 (3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना अगस्त माह का है। नेवई पुलिस ने बताया रिसाली स्थित आजाद मार्केट निवासी कमरुन निशा खान श्री शंकराचार्य अस्पताल में बीएमएस डॉ. के रुप में कार्यरत है। महिला ने आरोप लगाया है कि ससुराल वालों में जाहिदा खान, मोहर्रम बिन, सगीर खान ने मिलकर जमकर मारपीट किया है। ससुराल के तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया लेकिन उसके खिलाफ भी जुर्म दर्ज कर दोनों पक्षों को एक दूसरे का आरोपी पुलिस ने बनाया है।

## अभियान : नगर पंचायत ने सड़क किनारे खाद्य पदार्थ बेचने वालों को दी समझाइश

# नगर को साफ रखने की जिम्मेदारी हम सबकी आसपास कचरा न फेकें, दूसरों को भी समझाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

स्थानीय नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता का संदेश देते हुए 24 सितम्बर को स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शहरी पथ विक्रेताओं के मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक चौबे के निर्देश पर स्वच्छ फूड स्ट्रीट वेंडर्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। नगर पंचायत कार्यालय के सभागृह में आयोजन कार्यशाला में नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू, उपाध्यक्ष विद्या शर्मा, पार्षद माया जयेश ठाकुर की उपस्थिति में पथ विक्रेताओं महिला समूहो की सदस्य को स्वच्छता अपनाने, अपने आस पास साफ सफाई रखने व स्वच्छता से नागरिकों को जोड़ने समझाइश दी गई। उन्हें खुले में कचरा न फेकने, सिंगल यूज प्लास्टिक में झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी गई।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक चौबे ने कहा कि बिना आप सबके सहयोग से हमारा नगर साफ नहीं हो सकता। नगर पंचायत के अलावा आप सबको भी साफ सफाई के प्रति जिम्मेदारी निभानी है। कचरा, डोर टू डोर कचरा गाडी में डालना है, इधर उधर फेकना नहीं है, अपने आस पास के लोगों एवं व्यापारियों को स्वच्छता अपनाने समझाइश दें। अपने घर के आस पास या मोहल्ले में स्थित सार्वजनिक शौचालय का उपयोग करने वालों को साफ सफाई रखने समझाईश दें। उन्होंने कहा कि शहर को कचरा मुक्त बनाने में जन भागीदारी आवश्यक है। इसके लिये सभी स्वच्छता से जुडे एवं समय निकाल कर मिलजुल कर साफ सफाई में सहभागिता निभायें।

### नपं कार्यालय में किया गया स्वच्छ फूड स्ट्रीट वेंडर्स कार्यशाला का आयोजन





### छोटे व्यापार के लिए नगर पंचायत से ले सकते हैं ऋण

सिटी मिशन मैनेजर रूपेन्द्र सांडिल्य ने वेंडरों को वित्तीय सहायता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के तहत लोन लेकर रोजगार कर सकते हैं। लोन के लिये नगर पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर आवेदन की प्रक्रिया कर 10 हजार उसके पश्चात 20 हजार एवं 50 हजार रूपये ऋण का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि महिला स्व सहायता समूहों, पथ विक्रेताओं को स्वच्छता से जुड़ने जागरूक करें एवं ऋण का लाभ लेने योजना की जानकारी दी गई। पथ विक्रेताओं एवं महिला समूहों को स्वच्छता अपनाने स्वच्छता के प्रति सजग रहने, कचरा नहीं फैलाने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने शपथ दिलाई गई। कार्यशाला में महिला समूह एवं पथ विक्रेता उपस्थित थे।

## विधायक ललित ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा, ग्रामीणों से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने दुर्ग विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बाढ़ प्रभावित गांव खुरसुल, महमरा सिलोदा, खपरी ,चंगोरी, खाड़ा,,रुदा भोथली, तीरगा, झोला, कोलिहापुरी पीसेगांव, गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी और अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

- संबंधित अधिकारियों को नुकसान का आंकलन कर मुआवजा

उन्होंने कहा कि विगत दिनों आई बाढ़ के कारण किसानों की फसल डूब गई थी, घरों में पानी भर गया था कई मकान क्षति ग्रस्त हो गए थे। श्री चंद्राकर ने क्षतिपूर्ति के लिए जिला सीईओ, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित सभी अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही जनपद पंचायत सीईओ के माध्यम से समस्त सचिव , पटवारी मैदानी अमले को दिशा निर्देश प्रदान किया और कहा की जहां जहां बाढ़ की स्थिति निर्मित हुई थी उस प्रभावित एरिया का सर्वे कर क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तैयार कर शासन को प्रेषित करने और राजस्व परिपत्र के अनुसार जो उचित मुआवजा राशि शासन ने जो निर्धारित किया है, वह प्रदान करें। इस दौरान नायब तहसीलदार योगिता बंजारे तथा संबंधित ग्राम के पटवारी के साथ ही अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश बेलचंदन, सरपंच सुरेश साहू, भूपेंद्र बेलचंदन, नायब पटवारी प्रवीण श्रीवास्तव नरेंद्र देशमुख प्रदीप देशमुख ताम्रध्वज हेमंत यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## राज्य पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष बने जीके साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





छत्तीसगढ़ राज्य पेंशनर समाज जिला शाखा बालोद का त्रैवार्षिक चुनाव हुआ, जिसमें ग्राम सनौद निवासी जीके साहू नए अध्यक्ष चुने गए। इसी तरह उपाध्यक्ष पुरूष डौंडीलोहारा चुन्नीलाल साहू, महिला उपाध्यक्ष डौंडीलोहारा देवकी मानकर, कोषाध्यक्ष बालोद डीआर. सोनबोईर, सचिव अर्जुंदा टामनसिंह पवार, सहसचिव गुंडरदेही जीएस. अग्निहोत्री, महिला प्रतिनिधि डौंडीलोहारा अहिल्या बघेल, डौंडी सावित्री नायक को चुना गया।

इसी तरह कार्यकारिणी सदस्यों में गुरुर मंतराम राजपुरिया, अर्जुंदा हीराराम साहू, माधोराम, हीरालाल पटौदी, अर्जुनसिंह मंडावी, चन्द्रशेखर तिवारी, बृजभूषण डड़सेना, नौशाद राम गंगबेर, संगठन संरक्षक सर्व एचएल.दिल्लीवार, सियाराम सार्वा, बीआर.देवान, सलाहकार नेमसिंह साहू शामिल हैं। तहसील पेंशनर समाज तहसील ईकाई गुरुर अध्यक्ष सेवाराम तेजस्वी ने बताया कि चुनाव के बाद सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन अगामी बैठक में किया जाएगा। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष टीआर महमल्ला को श्रद्धांजलि दी गई।

## पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी कौशिक ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने त्रि–स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत सोमवार 23 सितम्बर को अपने कक्ष में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण एवं पुनरीक्षण के संबंध में राजनैतिक दलों की प्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण एवं पुनरीक्षण के संबंध में राजनैतिक दलों की प्रतिनिधियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के द्वारा जारी तिथि अनुसार त्रि–स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत 29 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा एवं 06 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। श्री कौशिक ने बताया कि इस दौरान सभी अविहित अधिकारी मतदान केन्द्रों में उपस्थित रहकर प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान 18 वर्ष से अधिक की आयु पूरी कर चूके व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। इसके अलावा अपना नाम, उम्र, लिंग, जन्मतिथि के संशोधन के लिए इच्छुक मतदाता इस संबंध में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके साथ ही मतदाता का नाम संबंधित मतदान केन्द्र में नही होने पर उसका विलोपन की कार्रवाई भी की जाएगी।

- राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण व पुनरीक्षण के संबंध में दी जानकारी

## पं दीनदयाल उपाध्याय जयंती आज, भाजपा ने प्रत्येक बूथ पर 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर सभी कार्यकर्ता सदस्यता नवीनीकरण एवं नए सदस्य बनाने में जुटे हुए हैं। अभियान के प्रथम चरण में कार्यकर्ता घर–घर जाकर लोगों को भाजपा का सदस्य बना रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के पित्र पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर 25 सितंबर को विशेष रूप से पूरे देश भर में प्रत्येक बूथ पर भाजपा का एक कार्यकर्ता प्रवास पर रहकर प्रत्येक बूथ में 100 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत 25 सितंबर को बालोद जिले के सभी 9 मंडलों में 814 बूथ पर एक–एक कार्यकर्ता की नियुक्ति दिवस प्रभारी के रूप में किया गया है। मोर बुथ मोर अभिमान के तहत डेढ़ माह तक चलने वाले सदस्यता अभियान को विशेष रूप से एक दिन में देश भर में सबसे अधिक सदस्य जोड़ने का लक्ष्य भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया जा रहा है। बालोद जिले में सदस्यता अभियान के जिला संयोजक जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने बताया कि 25 सितंबर को दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर सेवा कार्य स्वच्छता अभियान के साथ 1 दिन में सदस्यता अभियान को विराट स्वरूप देने के लिए प्रत्येक बूथ में 100 नए सदस्य बनाने के लिए विशेष कार्य योजना रखी गई है।

- जिले के सभी 9 मंडलों के 814 बूथ पर की गई कार्यकर्ताओं की नियुक्ति

KS GROUP
PUNJAB | INDIA
BOOK NOW
KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

### एकलव्य आदर्श विद्यालय डौण्डी में प्रवेश के लिए आवेदन 27 तक

**बालोद।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौण्डी में लेटरल एण्ट्री के माध्यम से कक्षा 11वीं कला संकाय में प्रवेश के लिए ऑलाईन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27 सितम्बर निर्धारित की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम विद्यालयों में वर्ष 2024–25 हेतु कक्षा 11वीं में कला संकाय हिन्दी माध्यम में बालिका के लिए 01 रिक्त सीट एवं बालक के लिए 3 सीट सहित कुल 04 रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27 सितम्बर निर्धारित की गई है। चयनित तथा प्रतिक्षारत सूची जारी करने की तिथि 28 सितम्बर, प्रवेश की तिथि 30 सितम्बर तथा प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि 01 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

## डिम्पल को मिला राज्य स्तरीय एनएसएस पुरस्कार



**बालोद।** सेजेस झलमला की एनएसएस स्वयंसेविका डिम्पल साहू को राज्य स्तरीय एनएसएस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सेजेस झलमला की कक्षा 12वीं की छात्रा एवं स्वयं सेविका डिम्पल साहू को राष्ट्रीय सेवा योजना में उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके तहत शासन द्वारा 10000 रूपये पुरस्कार राशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। छात्रा ने विगत दो वर्षों से लगातार स्वच्छता, पौधारोपण तथा शासन द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रम व गतिविधियों में अपनी पूर्ण सहभागिता प्रदान की है। इस सफलता पर जनपद पंचायत सदस्य कृतिका साहू, सतानंद साहू, प्राचार्य शिबानी नंदी, वीके. पटेल, ज्योति देशमुख, रूपनारायण देशमुख, सुनीता राणा, गोमती भुषार्य, रेणुका गंगबेर, रेणुका नेताम, मीना मानिकपुरी सहित समस्त स्टाफ ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

श्री खाटू श्याम ज्योतिष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस.के. शास्त्री
मोहनी स्पेशलिस्ट
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"
व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया, शादी के लिए माता-पिता को मनाना
ऑफिस आने पर मात्र ₹101/-
फोन से परामर्श केवल ₹251/-
पं. एस.के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
जन्म पत्रिका बनाई जाती है
- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण
"जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान"
बुकिंग के लिए संपर्क करें
7470674060
नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसायपारा चौक, गुप्ता प्रेस के नीचे, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)
-: संपर्क सूत्र :-
पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस.के. शास्त्री : +91 9755964567

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ◆ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ◆ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ◆ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ◆ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ◆ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## पेज 9 के शेष

### सभी शासकीय भूमि ...


जिले से संबंधित प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने दल्लीराजहरा एवं आसपास के लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु दल्लीराजहरा में लघु उद्योग की स्थापना के कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं श्रम पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### मोहंदीपाठ में शराब ...

जिला दुर्ग व राजनांदगाव में शराब भट्ठी कई किमी दूर है, जिसके कारण कुछ युवक अवैध तरीके से शराब बेच रहे हैं। ग्राम पंचायत मोंहदीपाठ की सरंपच सुशीला देवांगन व ग्रामीणों ने शराब भट्ठी खोलने की मांग की। ग्रामीणों की मांग पर सोमवार को आबकारी विभाग के अधिकारी मोंहदीपाठ में निरीक्षण करने पहुंचे। सरंपच सुशीला देवांगन ने बताया कि आबकारी विभाग की टीम जांच करने आई थी।

## खबर संक्षेप

### बाबा दरबार में नवरात्रि की तैयारी शुरू



अंडा। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में 3 से 11 अक्टूबर तक शारदीय क्वांर नवरात्रि महापर्व का आयोजन किया जा रहा है। नवरात्रि की तैयारी को लेकर दरबार में रंग रोगन का कार्य किया जा रहा है साथ ही साफ सफाई की जा रही है। दरबार में ज्योति कलश के लिए 701 रुपए शुल्क राशि निर्धारित किया गया है। लक्ष्मण बाबा जी एवं पंडित विजय शर्मा ने बताया कि 3 अक्टूबर को घट स्थापना की जाएगी।

### नवोदय के लिए अनिकेत और सागर का चयन





डौंडीलोहारा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डौंडीलोहारा से कक्षा छठवीं के छात्र अनिकेत देवांगन पिता तोसन लाल देवांगन एवं सागर भंडारी पिता जागेश्वर सिंह भंडारी का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली के लिए हुआ है। इनके चयन पर संस्था प्राचार्य डी.आर. देवहरे, प्रधान पाठक माध्यमिक विभा चंद्राकर, प्रधान पाठक प्राथमिक अभिषेक शुक्ला एवं समस्त स्टाफ बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### जवाहर उत्कर्ष योजना के लिए काव्या व प्राची का चयन





जामगांव आर। जवाहर उत्कर्ष योजना के अंतर्गत 2023-24 में प्रवेश के लिए स्वामी आत्मानंद विद्यालय जामगांव आर विद्यालय की छात्रा काव्या कोठारी पिता लक्ष्मण कोठारी व प्राची मंडावी पिता देवनाथ मंडावी का चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप महिलांगे, शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेश केला, विधायक प्रतिनिधि रूपेंद्र शुक्ला, विद्यालय के प्राचार्य राजेश पिल्लई, प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा, प्रधानपाठक खैरुन निशा खान सहित सभी शिक्षकों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 7 अक्टूबर तक

बालोद। शिक्षा सत्र 2025-26 में जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि 7 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्य साधना अनुपम दलेला ने बताया कि नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 18 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण करने की प्रक्रिया जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट नवोदय डॉट जीओवी डॉट इन पर की जा रही है। परीक्षा में इस वर्ष कक्षा 5वीं में पढ़ रहे विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं।

अभियान : स्वच्छता अभियान के तहत की जा रही सार्वजनिक स्थानों की सफाई

# स्वच्छता के लिए अधिकारी-कर्मचारियों के साथ जुटे जनप्रतिनिधि व आम नागरिक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर इन्द्रजीत चन्द्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी ग्राम पंचायतों, शासकीय कार्यालयों, विभिन्न संस्थाओं, सार्वजनिक स्थलों और जल स्त्रोतों के समीप श्रमदान कर सफाई किया जा रहा है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जिले में 51 स्थलों को चिन्हित किया गया है। जहां लोगों द्वारा काफी लंबे समय से कूड़ा-कचरा फेंका जाता है। ऐसे स्थानों पर आज श्रमदान के माध्यम से साफ-सफाई की गई है। इसी तारतम्य में मंगलवार को जिले के झलमला स्थित बस स्टैण्ड के आसपास श्रमदान कर साफ-सफाई किया गया। श्रमदान में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रेमलता साहू, जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू, जनपद उपाध्यक्ष कल्याण साहू, प्रेम साहू, जितेन्द्र साहू एवं सरपंच ग्राम पंचायत झलमला सहित रेडक्रास वालंटियर्स, बिहान के सदस्य, स्वच्छाग्राही महिलाओं और बड़ी संख्या में लोगो ने अपनी सहभागिता निभाई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से स्वच्छता में सामुदायिक भागीदारी निभाते हुए गांव को हमेशा स्वच्छ बनाए रखने की अपील की।

### बोरसी में चला स्वच्छता अभियान



अंडा। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम चंदखूरी व वार्ड 51 सुभाष चौक बोरसी गौठान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण और अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को स्वास्थ्य जांच के लिए प्रेरित किया और स्वस्थ जीवन के महत्व पर चर्चा की। इस अवसर पर सरपंच हेमलता देशमुख, मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, डीलेश साहू, नूतन निर्मलकर, विक्रम चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### शासकीय बालक शाला के छात्रों ने किया श्रमदान



डौंडीलोहारा। नगर के शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत संस्था के समस्त छात्रों एवं शिक्षक द्वारा 24 सितंबर दिन मंगलवार को शाला परिसर एवं शाला के बाहर श्रमदान किया गया। श्रमदान के लिए शाला नायक डोमेश कुमार ओरेंद्र ने अपने कैबिनेट का धन्यवाद किया। समस्त कक्षा नायक ने अपनी सक्रिय भागीदारी दी। इस अवसर पर मनोज कुमार देवांगन, लक्ष्मी चंद सोनवानी , लिखमी चंद सार्वा, वंदना साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हरीश सिन्हा तथा आभार प्रदर्शन लोकेश्वर सिंह निषाद ने किया।

### अरमरीकला कालेज में समाजशास्त्र परिषद का गठन, अध्यक्ष बनीं शिखा



बालोद/कलंगपुर।मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में समाजशास्त्र परिषद का गठन किया गया। इसके तहत तृतीय सेमेस्टर से शिखा को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं, उपाध्यक्ष उमेश्वरी, सचिव रघुवीर, उप सचिव सुनील कुमार चुने गए। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ यशवंत साव ने समाजशास्त्र के पदाधिकारी एवं छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई तथा उनकी जिम्मेदारियों से भी अवगत कराया। कार्यक्रम में समाजशास्त्र के विभाग अध्यक्ष अंजनी पैंकरा, आशावरी हिरवे, संगीता यादव, कमलेश्वर साहू एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के शिक्षकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

बालोद। जिला स्तरीय उच्च प्राथमिक शालाओं के विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषय का अध्यापन कराने वाले शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय सेवाकालीन शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन शासकीय हाई स्कूल जमरूवा 24 से लेकर 26 सितंबर तक किया जा रहा है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग के व्याख्याता समन्वयक सामाजिक विज्ञान डॉ. वंदना सिंह एवं समन्वयक विज्ञान शत्रुघन धुरंधर, संकुल प्राचार्य जमरुवा अंजना बेक, विकासखंड स्त्रेत समन्वयक जितेन गजेंद्र उपस्थित थे। कार्यशाला में बालोद जिला अंतर्गत पांचों विकासखंड बालोद, गुरुर, गुण्डरदेही, डौंडी, डौंडीलोहारा के लगभग 120 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण का लाभ ले रहे हैं। विषय विशेषज्ञ के रूप में विज्ञान विषय से चोवाराम देवांगन, शिल्पी राय एवं सामाजिक विज्ञान से टेमेश्वर लाल श्रीवास एवं पवन कुमार यादव प्रशिक्षण दे रहे हैं।





# यदि खुश रहना है तो सबको वही दें जो स्वयं को चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- बालोद उपजेल में किया गया राजयोग शिविर का आयोजन, प्रसन्न रहने के लिए बताए मंत्र

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वावधान में बालोद उपजेल में कैदियों के अंदर सुधार लाने के लिए आध्यात्मिक पहल की गई।

जेल में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सात दिवसीय राजयोग शिविर का आयोजन किया गया। बीके सरिता दीदी ने कहा कि जीवन में किसी भी प्रकार की समस्या क्यों ना आ जाए लेकिन खुशी अपनी प्रॉपर्टी है, वह कभी गुम ना हो, क्योंकि खुशी जैसी खुराक नहीं होती, खुश रहने का एक ही मंत्र है बस यही याद रखें कि यह वक्त भी गुजर जाएगा। दूसरा मंत्र उन्होंने बताया कि अगर हमें खुश रहना है तो सबको वही दे जो हमें चाहिए, अर्थात सबके प्रति हमें शुभ भावना रखनी है, शुभ कामना रखनी है। तीसरा मंत्र उन्होंने बताया कि जीवन में यदि खुश रहना है तो हमें वर्तमान में जीना सीखना होगा, भूतकाल का अफसोस और भविष्य की चिंता नहीं करनी है। चौथा मंत्र उन्होंने बताया कि यदि हमें खुश रहना है तो हमें निरंतर चलते रहना होगा, क्योंकि जो निरंतर चलते रहता है, स्वयं परमात्मा भी उनका साथ देते हैं, किसी भी परिस्थिति में रुक नहीं जाना है। पांचवां मंत्र उन्होंने बताया कि जीवन में हमें हमेशा सकारात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए, नकारात्मक दृष्टिकोण से जीवन में केवल और केवल परेशानियां ही मिलती है, जब सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं तो हमारे जीवन में हर कार्य सकारात्मक रूप से होता है, नेहा दीदी ने सभी को राजयोग मेडिटेशन कराया।





# बैगलेस डे पर विद्यार्थियों को बताए गए मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मड़ियाकट्टा में प्रधानपाठक ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

ग्राम मड़ियाकट्टा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में बैगलेस डे के अवसर पर राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बच्चों को मौसमी बीमारियों के संक्रमण से बचाव के उपाय बताए वहीं, यह न हो इसके लिए सावधानी बरतने को कहा। श्री पिकेश्वर ने कहा कि बदलते मौसम में छोटी मोटी बीमारियों का होना आम बात है, क्योंकि मौसम के साथ आसपास के वातावरण और तापमान में काफी बदलाव होते हैं, जिसके कारण मौसम में कभी सर्दी तो कभी गर्मी होने के कारण टाइफाइड, उल्टी, दस्त, मलेरिया और डेंगू जैसे वायरल फीवर तथा सर्दी-खांसी जैसी बीमारियां होती हैं। कुछ बीमारियां केवल सही खान पान से कुछ समय के बाद खुद ठीक हो जाती हैं, लेकिन कुछ को ठीक होने में काफी समय लगता है, जिसके लिए डाक्टर के पास जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कुछ सावधानियां बरतने से आप अपना और अपने व परिवार का बचाव कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब सर्दी का मौसम शुरू होने वाला है। इस मौसम में तापमान कम हो जाता है, जिसमें मौसमी सर्दी खांसी बुखार जैसी बीमारियां अधिकतर वायरल इंफेक्शन के कारण होती हैं। इनसे बचने के लिए कुछ खास तरह के उपाय अपनाना चाहिए।



### बचाव के उपाय

श्री पिकेश्वर ने बताया कि सही तरह से गरम कपड़े पहनें। खांसते या छींकते समय मुंह को ढंक लें और समय समय पर हाथों को सैनिटाइज या वॉश करते रहें। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए अच्छा भोजन करें। इसी तरह मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए उबला एवं स्वच्छ पानी पिएं। अपने घर के आसपास साफ सफाई रखें और मच्छरों को ना पनपने दें। केवल घर का बना ताजा खाना खाएं और बाहर का खाने से बचें।इस अवसर परसराम साहू, दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, नारदराम भुआर्य सहित सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# वयोवृद्ध व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच कर दी गई सहायक सामग्री



बालोद। जिले के जिला चिकित्सालय, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में वयोवृद्ध व्यक्तियों की चिकित्सीय जांच, उपचार, परामर्श एवं ऐसे वयोवृद्ध व्यक्ति जो चलने फिरने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें वाकिंग स्टिक प्रदान की गई।

शिविर में 217 स्वास्थ केन्द्रों में शिविर लगाकर 4557 वृद्धजनों को निःशुल्क चिकित्सीय जांच एवं उपचार मुहैया कराई गई। इस अवसर पर कर्ण जांच 246, कर्ण मशीन जांच 9, नेत्र जांच 599, चश्मा वितरण 27, उच्च रक्तचाप उपचार 248, मधुमेह उपचार 168, मुख स्वास्थ्य जांच 473, मानसिक स्वास्थ्य जांच 408, वाकर वितरण 12, वाकिंग स्टीक 31 की सेवाएं प्रदाय की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एमके सूर्यवंशी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ आरके श्रीमाली, जिला नोडल अधिकारी डॉ संजीय ग्लैड तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा एवं सहायक जिला नोडल अधिकरी संदीप मेश्राम की उपस्थिति में कार्यक्रम चलाया गया।

### मवेशी तस्करी का फरार आरोपी गिरफ्तार

पाटन। मवेशी तस्करी का फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पाटन थाना प्रभारी अनिल साहू ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर फुंडा पेट्रोल पंप के समीप स्थित फार्म हाउस संचालक संजय गिरी गोस्वामी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। संजय गिरी द्वारा अपने फार्म हाउस में मवेशियों को रखकर वाहनों में कत्लखाना ले जाने के लिए लाद रहा था। संजय गिरी गोस्वामी मवेशियों को इकठ्ठा कर उसे कत्लखाने भेजता था।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

# शासकीय नवीन महाविद्यालय बेलोदी में मना एनएसएस का स्थापना दिवस




बालोद/सिकोसा। शासकीय नवीन महाविद्यालय बेलोदी में एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार थे, अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य सीएल. ठाकुर ने की। इस अवसर पर डॉ. बिसनाथ साहू ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। वहीं, मुख्य अतिथि डॉ. दिल्लीवार ने युग पुरुष स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। प्राचार्य सीएल ठाकुर एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप देवांगन ने भी स्थापना दिवस पर अपनी बात कही। कार्यक्रम को स्वयं सेवकों ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक राहुल उपाध्याय, अतिथि व्याख्याता डॉ. मार्कण्डेय के अतिरिक्त स्टाफ के समस्त अधिकारी एवं स्वयं सेवक उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन स्वयं सेवक रोहन साहू ने किया। टिंकल गजेंद्र ने आभार व्यक्त किया।

